(8)

परिशिष्ट "अ"
अतारांकित प्रश्न क्र0–1614

थाना कालापीपल पुलिस द्वारा दिनवार कार्यवाही का विवरण :–

(ग) 1 दिनांक 04.10.2017 फरियादी भादर सिंह पिता सिद्दूलाल के द्वारा उनकी अवयस्क पुत्री गुमने की सूचना पर गुमइंसान क्रमांक 39/17 एवं अपराध क्रमांक 260/17 धारा 363,366 भादवि की कायमी की गई। घटना स्थल का नक्शा मौका, माँ तथा भाई के कथन, आरोपी की तलाश, मुखबिर नियुक्त किए, आसपास के लोगों से पूछताछ की गई।

2 दिनांक 06.10.2017 अपहर्ता की चाची के कथन लिये गए, फरियादी से पूछताछ की गई, आरोपी की तलाश की गई, कोई पता नहीं चला। मुखबिर से पूछताछ की गई, कोई जानकारी नहीं होना बताया, पुनः मुखबिर नियुक्त किए।

3 दिनांक 10.10.2017 पुनः फरियादी से पूछताछ की गई, आरोपी की तलाश की गई, मुखबिर से पूछताछ की गई, अपहर्ता की तलाश की गई, कोई पता नहीं चला। आसपास के लोगो से पूछताछ की गई।

4 दिनांक 23.10.2017 आरोपी के पिता से पूछताछ की गई, कोई जानकारी नहीं होना बताया, मुखबिर ने बताया कि आरोपी पूर्व में राजस्थान काम करने गया था।

5 25.10.2017 फरियादी से पुनः पूछताछ की गई, आरोपी के पिता करण सिंह से पूछताछ की गई, मुखबिर से पूछताछ की, आरोपी पूर्व में गुजरात व राजस्थान में काम करने जाना बताया। पुनः मुखबिर नियुक्त किए।

6 26.10.2017 तलाश आरोपी– अपहर्ता की गई, पूछताछ आरोपी की माँ व बुआ से की गई, कोई जानकारी नहीं होना बताया।

7 06.11.2017 भेजने प्र0आर0 व आर0,परिवार को देने हिदायत की आरोपी के पिता को थाने पूछताछ हेतु भेजे।

8 07.11.2017 करने पूछताछ आरोपी के पिता से की गई, कोई जानकारी नहीं होना बताया।

9 11.11.2017 प्रकरण में अपहर्ता को बरामद किया गया एवं आरोपी भादर सिंह पिता करण सिंह उम्र 23 साल निवासी भीलखेड़ा का गिरफ्तार किया गया एवं प्रकरण में धारा–376 (2)एन, 3/4, 5(एल)6 पाक्सों एक्ट ईजाफा की गई।

।

13/11/2017

A.I.G.
C.I.D. P.H.Q. BHOPAL